 पैंढोंने ठगा तब उसको पंडित कहने लगे॥ इसी प्रकार एक ब्राह्मणके अनेक नाम क्रियाभेद होनेसे हो गये ॥ ऐसेही अन्तःकरणका वास्तव स्वरूप एकही है ॥ परंतु संकल्प विकल्प करने लगा तो उसका नाम मन हो गया ॥ ओर जब चिन्तवन करने लगा तब उसका नाम चित्त हो गया ॥ ओर जब उसने निश्चय किया तब वही बुद्धि हो गईं ॥ ओर जब उसमें अहंकृत भाव आया तब वही अहंकार हो गया॥ जेसे किसी पुरुषको देखा कि यह पुरुष वोही हे या कोई ओर है ॥ जब ऐसी अन्तःकरणकी वृत्ति हुईं तिसको मन कहने लगे ॥ ओर जब उस वृत्तिने ऐसा विचार किया कि इस पुरुषको श्रीगंगा्नीके तीरे उस समय देखा था ऐसी वृत्तिको चित्त कहने लगे ॥ ओर जब उस वृत्तिने निश्चय किया कि यह पुरुष वही है ॥ तब उसी वृत्तिको बुद्धि कहने छगे ॥ ओर जब उसने हृढ निश्चय किया कि यह पुरुष वही हे ॥ इसमें किचित्‌भी संदेह नहीं तब उसी वृत्तिको अहंकार कहने लगे॥

बांदप्रातवतना7080609ाता।.८एा

८८ तत्वबोष-टीका । इसी प्रकार अन्तःकरणका वास्तव स्वरूप एकही है ॥ परंतु क्रियाभेद होनेसे मन, चित्त, बुद्धि, अहंकार, चार भेद हुए॥ ३७॥ भद्ि य ओ अथ पंचतत्त्वोंसे कर्मेंद्रिय और प्राणोत्पात्तिवणेन। एतेषां पंचतत्त्वानां मध्ये आकाशसथ राजसांशात् वागिद्रिय संम्रूतम । वायो राजसांशात पारणाद्विय़ं संभूतम। वह्नेः राजसांशात पार्देंद्रियं संभूतम् । जलस्य राजसांशात् उपफस्थेंद्रियं संभरूतम्र । प्रथिव्या राजसांशात् गुदेंद्रियं संभूतम।एतेषां पंचतत्त्वानां समष्टिराजसांशात पंच प्राणाः संभूताः ॥३८॥ ठीका॥ इन पाचों तत्त्वोंके मध्यमेंसे आकाशके रजोगुण अंडासे वाणी उत्पन्न हुहे ॥ ओर वायुके रजोगुण अंगसे पाणी अथांत् हाथ उत्पन्न हुए॥ ओर अग्निके बांदप्रातवनॉा7080609ात्ा।.८णा

 रजोगुण अंशसे पाद अरथात् पाओं उत्पन्न हुए ॥ ओर लके रजोगुण अंगझसे उपस्थ अर्थात् लिगइद्रिय उत्पन्न हुईं॥ ओर प्थिवीके रजोगुण अंशसे ग्रुदा उत्पन्न हुईं॥ ओर इन पांचों तत्त्वोंके सबके रजोगुण अंशसे पांच प्राण उत्पन्न हुए ॥ ओर पांचों तत्तवोंके सतोगुण रजोग्रणसे सूक्ष्म शरीर हुआ॥ ओर अब तमोगुणसे स्थूठ शरीर हुआ यह कहता हूं॥ ३८ ॥ अथ पंचीकरणवण्ेन। एतेषां पंचतत्त्वानां तामसांशात् पंचीकृतपंचतत्त्वानि भवांते। पंचीकरणं कर्थं इति चेत् । एतेषां पंचमहाभूतानां तामसांशस्वरूपं एकं एक भूतं द्विधा विभज्य एकं एकमध्े एथक तष्णीं व्यवस्थाप्य अपरमपरमर्ध चतुर्धा विभज्य स्वाधमन्येषु अर्धेषु स्वभागचतुष्टयसंयोजन काये तदा पंचीकरणं भवति।

९० तत्बोध-टीका । एतेभ्यः पंचीकृतपंचमहाभूतेभ्यः स्थूलशरीरं भवाति । एवं पिंडब्रह्मांडयोरेक्यं संभूतस॥ ३९ ॥ टीका ॥ इन पांचों तत्त्वोंके तामस अंडासे पंचीकृत पंचमहाभूत अथोत् पंचीकरण हुआ यदि तुम कहो कि पंचीकरण क्या है ॥ तो श्रवण करो ॥ इन पांचों तत्वोंके तामसअंश करके एक एक तत्त्वके दो दो भाग किये तिसमें से एक एक भाग जुदा जुदा चुपचाप स्थापन कर दिया ॥ ओर आधा आधा जो बाकी बचा तिसके चार चार भाग करके अपने अपने आधे आधेको छोडकर उन चारोंमें एक एक मिला दिया ॥ तब सबके पास आधा आधा अपना ओर आधे आधेमें वो चारों हो गये।॥ इस प्रकार पंचीकरण होता है ॥ दृष्टंत ॥ एक समय पांच पुरुष श्रीगंगानी महारानीके दशन वा खस्नानको गये॥ओर उनके पास भोजनोंके वास्ते कुछ फलभी थे ॥ ओर उनमें एक ब्राह्मण था उसके पास नों नारंगी थीं॥ ओर दूसरा क्षत्री था उसके पास नों नाहपाती थीं ओर बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 तीसरा वेशय था उसके पास नों सीताफल थे॥ चोथा ओर कायर्थ था उसके पास नों आम थे॥ ओर पांचवों जाट था उसके पास नों बेल थे ओर जब यह पांचों पुरुष श्रीगंगानीके किनारे पहुँचे तब स्नान ओर श्रीगुरुके चरणोंका ध्यान करके अथाोत् नित्यकमंसे निश्ि‍त होकर जब भोजन करने लगे तब पांचोंने एक एक फल अश्रीगंगाजीके अपंण करा॥ ओर तब उनके पास आठ आठ फल बचे ॥ ओर उस ब्राह्मणने अपनी आठ नारंगियॉमेंसे चार तो अपने पास रकक्‍खीं ॥ ओर चार उन क्षत्री वेश्य कायर्थ जाट इन चारोंको एक एक वाट दी ॥ इसी प्रकार उस क्षत्रीने अपनी आठ नाहपातियोंम्से चार तो अपने पास रक्‍खीं ओर चार वैश्य कायस्थ जाट ब्राह्मण इन चारोंको एक एक वाट दीं ॥ इसी प्रकार वेशयने अपने आठ सीताफलोंमेंसे चार तो अपने पास रक्खे ओर एक एक उनमेंसे उन चारोंको वाट दिया॥ इसी प्रकार कायस्थ जाट इन दोनोंने किया ॥ अर्थात् एक एकके पास पांच पांच बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

९२ तत्तबोध-टीका । प्रकारके फल हो गये॥ परंतु आधा आधा अपना भाग रहा ओर आधे आधेमें चारों रहे ॥ अथोत् सबके पास अपना भाग अधिक रहा ॥ इसी प्रकार आकाह, वायु, अंग्रे, जल, प्रथिवी इन पांचों तत्त्वोंकी मानना ॥ कि आकाझमें आधा भाग तो अपना हे ओर आधपेमें वायु अग्नि जल पृथिवी यह चारों हैं इसी प्रकार वायुके पास आधा भाग तो अपना हे ओर आधेमें अग्नि जल पृथिवी आकाश यह चारों हैं॥ ओर अग्मिके पासभी आधा भाग अपना है ओर आधा जल पृथिवी आकाश वायु इन चारोंका है ॥ ओर जलके पासभी आधा भाग अपना है ॥ ओर आधेमें पृथिवी आकाश वायु अग्मे ये चारों हैं॥ इसी प्रकार प्रथवीके पास आधा भाग तो अपना है ओर आधेमें आकाश वायु अम्नि जल यह घारों हैं ॥ इस प्रकार इन सबके पास आधा आधा भाग क्षपना अधिक ओर आधे आपेमें वे चारों हैं ॥ अर्थात् एक एक तत्त्वके पास पांचों पांचों तत्त्वोंका अंश है॥ इसको पंचीकरण कहते हैं॥इन पंचीकरण किये हुए पांच बांदप्रातवतना7080609ातॎा।.८एा

शंकरानन्दप्रकाशिका । ९३ महाभूतों करके स्थूल शरीर बनता है ॥ ओर इसमें ऐसा नियम है कि जिसमें आकागञ तत्त अधिक होता है॥ उस करके देवयोनिके शरीर बनते हैं ॥ जो कि अहरय हैं ॥ ओर जिसमें वायुतत्व अधिक है॥ उस करके पक्षियोंके शरीर बनते हैं॥ जो कि आकाश मारगमें विचरनेवाले हूँ॥ ओर जिसमें अग्नि तत्व अधिक होता है उस करके अग्निके बीचमें रहनेवाले जन्तुओंके शरार बनते हैं ॥ ओर जिसमें जल तत्त्व अधिक होता है॥ उस करके जलके बीचमें रहनेवाले ग्राह आदिक जन्तुओंके शरीर बनते हैं ॥ ओर जिसमें प्रथ्वी तत्त्व अधिक होता है॥ उस करके पर्थ्वाकि ऊपर विचरनेवाले पशु मनुष्यादिकोंके शरीर बनते हैं॥ अथोत् जिसमें यह तत्त्व अधिक होता है ॥ उस शार्ररका वही तत्त्व स्थान होता है ॥ इस प्रकार पंचीकरण हुए हुए पांच महाभूतोंकरके स्थूल शरार बनता है ॥ ३९ ॥ ७५3... + ५रनन पा + न -" + अक.. 3)» अम»म«न्ान»-न वाहक 3-3०५०नप७ ० > कननन- + आम - कामन#» + + ० + ही। बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

९४ अथ पंचीकरणम । आठ। वायु आठ | अग्नि आठ जल आठ भा-| पृथ्वी ल
भाग पूर्ण है. | भाग पूर्ण है. | भाग पूणे ह.। ग पूर्ण है. | भाग पृणे है. (तिसमस चार |
तिसमेसे चार |तिसमेसे चार | तिसमसे चार |तिसमेंसे चार भाग आका श्के भाग वाशके. |
भाग अभिके | भाग जलके- | भाग पृथ्वीके. और एक भाग।और एक क ओर एक भाग।ओर
एक भा- क एक भ वायृक्रा. अग्निका. जलका. | ग प्रथ्वीका, | आकाशका.एक भाग एक
भाग एक भाग । एक भाग एक भाग भम्रैका. | जलका | श्थ्वॉका. | आकाशका. |
बायुका'जलअ>»न+.. है. पका -तपादनहन्पन्थ ७-+प तर अदा उ2 पाक; ६३० ०१०५४
हि... कर कक डर पा पक 2-83 ललत>फ की पर +लिपर आब+
अिकर्नीनिजननअधयमनन-ओ >शनकने, एक भाग एक भाग एक भाग एक भाग एक भाग
जलका. | प्रथ्वीका. | आकाशका | वायुका- अग्निका. कद.» ५.43. ९७343».
“जमममनम-क3>.ध+म “कक जाओ कर % ७४0५3 #८क 2 4८ क ८5553 नमन ०
3 न्न्नमने 3 सनम सन ननत-जका+ बन ५६ ७०७४ एक भाग | एक भाग | एक भाग |
एक भाग | एक भाग पृथ्वीका., । आकाहका. | वायुका अम्नरिका. जलका. वनए७ कट“
००००. रा न] प्रकार आ-| इसी प्रकार | ईसी प्रकार | इसी प्रकार | इसी प्रकार ठों भाग पूर्ण
आठ भाग पूणे| भीठा भाग आठो भाग पूर्णआठो भाग पृण होकर आकाश| हाकर वाद [
होकर अ- लिक्र जल तत्व होकर प्रथ्वी तत्व आधिक | तत्व अधिक | व अधिक, धिक होनेसे
| तत्व अधिक होनेसे देवयों - होनेसे पक्षि- थ के ग्राह्मादक जलन ह्ृि/नस पशु म.. ८. |
रहनेवाले ज-। _ कि दिका वे निके शरीर | योके शरीर हे .. .. . | चरोके शरीर | नष्यादिकाके
शत न्तुआके शरीर म् जि पक बन. | बने. बने बने. शरीर बनें. इति पंचीकरणम् ।
बांदप्रातवाना7080609ात्रा।.८एा

शकरानन्दप्रकाशिका । ९७ अथ जीवइंश्वरस्वरूप वर्णन । स्थूलशरीरामिमानी जीवनामक ब्रह्म प्रतिबिंबं भवति।स एवं जीवः प्रकृत्या स्वस्मात् ईश्वरं भिन्नत्वेन जानाति। अविद्योपाधिः सन् आत्मा जीव इत्युच्यते मायोपाधिः सन इश्वर इत्यच्यते॥४ ०॥ टीका ॥ स्थूल शरीरका जो अभिमानी आत्मा हे॥ जीव है नाम जिसका सो ब्रह्मका प्रतिविब है ॥ सो जो जीवात्मा हे ॥ सो अपने स्वभावसे इंश्वरको अपनेसे भिन्न जानता है ॥ ओर वास्तवमें भिन्न नहीं है ॥ क्‍्योंकि ब्रह्मके आश्रय सत्, रज, तम, तीन गुण रूप माया अभिन्न रूपतासे स्थित हे ॥ तिस मायामें ब्रह्मका प्रतिबिब है ॥ सो माया दो प्रकारकी हे ॥ एक तो शुद्ध सत्वप्रधान माया अर्थॉत् सतोग्रुण करके रमोगरण तमोगुण दवा हुआ ॥ ओर दूसरे मर्लनन सत्त्वप्रधान अविद्या अर्थात् रजोग्रण तमोग्रण करके सतोगुण दबा हुआ ॥ इन दोनों माया ओर अविबांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 द्यामें बह्मका प्रतिषिंव हे ॥ जो शुद्ध सत्त्प्रधान मायामें ब्ह्मका प्रतिबिव हे तिसको सर्वेशक्तिमान् ईश्वर कहते हैं ॥ ओर मलिन सत्त्वप्रधान अविथामें जो बलह्मका प्रतिबिव है॥ तिसको अल्प शक्तिमान् जीव कहते हें ॥ ओर इन दोनोंमें माया ओर अविद्यासे सवेशक्ति ओर अल्पशक्ति भेद करके भेद प्रतीत होता है ॥ परंतु वास्तव स्वरूप दोनोंका शुद्ध चेतन््य हे ओर वास्तवमें तो माया ओर अविद्याभी चेतन्यका विरास है ॥ ओर विछास विछासवालेसे प्रथरू नहीं होता अर्थात् दोनों एकही हैं ॥ इस प्रकार जीव् इश्वरमे भेद नहीं ॥ ४० ॥ एवं उपाधिभेदाज्ीवैश्वरभेदद्ष्टियोवत्पयतं तिष्ठति तावत्पर्यतं जन्ममरणादिरूपसंसारों न निवर्तते, तस्मात्कारणान्न जीवेशवरयो भेदबुद्धिः खीकायों 9 १॥ टीका ॥ इस प्रकार माया ओर अविद्या उपाधिभेदकरके जीवईश्वरमें भेदबुद्धि जबतक स्थित रहेगी ॥ तबतक जन्ममरणादि दुःखरूप संसार निवृत्त नहीं

बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्दप्रकाशिका । ९५७ होगा ॥ अथोत् जिस पुरुषकी जीव-इश्वरमें भदबुद्धि है वह पुरुष सदाही जन्म मरणरूप संसारको प्राप्त होकर अनेक प्रकार दुःख पाता है॥ जेसे अन्नके वीचमें जवतक रप्त बना रहता हे ॥ तबतक 4 अन्न उत्पन्न होता रहता है ॥ ओर जब अग्नि करके रस जल जाता हे ॥ तब वह अन्न उत्पन्न नहीं होता॥ इसी प्रकार जबतक कतो भोक्ता रूप रस बना रहता हे ॥ अथोत् अपनेको ब्रह्मसे भिन्न जानता हे ॥ तबतक जन्ममरणसे रहित नहीं होता ॥ ओर जब ज्ञानरूप अग्नि करके कतों भोक्तापना कप्रवत नाझ हो जाता हे ॥ तब फिर जन्ममरणको नहीं प्राप्त होता ॥ इससे यह सिद्ध हुआ कि अपनेको ब्रह्मसे भिन्न जाननाही जन्ममरणका हेतु हे ॥ इसवास्ते जीवईश्वरमें भेदबुद्धि स्वीकार नहीं ॥ ४१ ॥ अथ तत्तमासि महावाक्यस जाँव इश्वरकोी एकतामे प्रश्न उत्तर। ननु साहकारस्य किंचिज्ज्ञस्य जीवस्य बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 निरहंकारस्थ सर्वज्ञस्येश्वरस्य तत्त्व मसात महावाक्यात् कथमभदबाद्ध स्थादुभयाः वरुह् धमाक्रान्तत्वात् ॥४२॥ टीका ॥ प्रइन ॥ आपने जो जीवईश्वरकी एकता सिद्ध करी हे अर्थात् जीवईश्वर एकही है ॥ ऐसा कहनेसे ऐसी शंका होती है कि जीव तो अहंकारसहित है॥ ओर अल्पशक्तिवाल है ओर ईश्वर निरहंकार हे ॥ ओर सर्व शक्तिवाल है ॥ तो फिर तत्त्वमासि महावाक्यसे जीव इंश्वरकी एकता केसे हो सक्ती है॥ क्योंकि तत् शब्दका अर्थ सर्वज्ञ चेतन्य हे ॥ ओर त्वंपदका अर्थ अल्पक्ष चेतन्य है ॥ इस प्रकार दोनोंमें विरुद्ध धमें होनेसे जीव इंश्वर किस प्रकार एक हो सक्ते हें सो कहो ॥ उत्तर ॥ तत्त्वमसि इस महावाक्यके तीन पद हैं ॥ तत्, त्वं, असि अथात् सो तू है ॥ इस महावाक्यका यह अथे है ॥ ओर ततहाब्दका अर्थ सर्वज्ञ चेतन््य ओर त्वंपदका अर्थ अल्पज्ञ चेतन््य ॥ इन दोनोंमें चेतन्य तो एकही हे ॥ परंतु सर्वज्षता बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 अल्पज्ञता उपाधि करके भेद प्रतीत होता हे॥ इसवास्ते उपाधिके निषेषकोी कहता हूं॥ शब्दका जो अपने अर्थसे सम्बंध तिसको शब्दकी वृत्ति कहते हैं ॥ सोवृत्ति दो प्रकारकी हे॥ एक तो शक्ति वृत्ति ओर दूसरी लक्षणावृत्ति॥ ओर दशब्दका जो अपने अर्थसे साक्षात् संबंध तिसको शक्ति वृत्ति कहते हैं ॥ ओर शब्दका जो अपने वाच्यार्थें द्वारा अपेक्षित अन्य अथंसे सम्बंध तिसको लक्षणावत्ति कहते हैं ॥ ओर ज्ाक्ति वृत्ति करके जो अथे जाना जाय तिसको वाच्यार्थ कहते हैं ॥ ओर लक्षणा वृत्ति करके नो अर्थ जाना जाय तिसको लक्ष्यार्थ कहते हैं ओर जहांपर शक्ति वृत्ति करके यथार्थ अर्थकी प्राप्ति नहीं हो तहां लक्षणा बृत्ति आश्रय करी जाती है॥ सो लक्षणा तीन प्रकारकी है ॥ एक तो जहत् ॥ दूसरी अनहत्॥ तीसरी भागत्याग ॥ ओर जहांपर वाच्याथको त्याग कर वाच्याथके सम्बंधीका ग्रहण हो तिसको जहत् लक्षणा कहते हैं ॥ जेसे गंगायां घोषः ॥ अर्थात् गंगामें गरँओंका वाडा है ॥ यहांपर गंगाशब्दबांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 का वाच्यार्थ देवनदीका प्रवाह तिसमें वाडेका होना अप्ृम्भव् प्रतीत हुआ ॥ इसवास्ते यहाँ पर शक्ति वृत्ति करके यथार्थ अर्थकी प्राप्ति नहीं होनेसे जहत् लक्षणा आश्रय करी गईं कि गंगाशब्दका वाच्याथ देवनदीका प्रवाह तिस प्रवाहको त्यागकर तिसका संबंधी जो किनारा तिस किनारेमें लक्षणा करी अर्थात् गंगानीके किनारेपर गोओंका वाडा है॥ इसको जहत् लक्षणा कहते हैं॥ओर दूसरे जहॉपर वाच्याथंसहित वाच्यार्थके सम्बंधीका ग्रहण हो तिसको अजहत् लक्षणा कहते हैं॥ जेसे शोणो घावति ॥ अथोत् शोण चलता है॥ ओर शोणगब्दका वाच्याथ छालरंग तिस रंगका चलना असम्भव हे ॥ इसवास्ते यहाँपर शरक्ति वृत्ति करके यथार्थ अथेकी ग्राप्ति नहीं होनेसे अजहत् लक्षणा आश्रय करी कि शोणश्नब्दका वाच्याथ छालरंग तिस ठालरंगका सम्बंधी जो घोड़ा तिस घोडेमें वाच्यार्थ ठालरंग सहित लक्षणा करी अथोत् छालरंगका पोडा चलता है ॥ इसको अ| ॥ शक से जहत् लक्षणा कहते हैं ॥ ओर जनहाँपर विरोधी भागका बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्द्प्रकारीका । १०१ त्याग करके अविरोधी भागका ग्रहण किया जाय ॥ तिसको भागत्याग लक्षणा कहते हैं॥ नेसे सोयं देवदत्तः॥ अथोत् 'सो यह देवदत्त हे! सो शब्दका वाच्याथ म्ृतकाल दूर देश है ॥ ओर अयंशब्दका वाच्यार्थ वत्तमानकाल समीप देश है ॥ ओर इसमें केवल देशकालही विरोधी भाग है॥ किन्तु देवदत्तका शरीर दोनोंमें एक है इसवास्ते यहाँपर भागत्याग लक्षणा करके देशकालविरोधी भागका त्याग किया ओर देवदत्त अविरोधी भागका ग्रहण किया इसको भागत्याग ठक्षणा कहते हैं ॥ इसी प्रकार तत्त्वमसि महावाक्यमें भागत्याग लक्षणा करी अथोत् ततहाब्दका वाच्याथ स्वज्ञ चेतन्य ॥ओर त्वंपदका वाच्याथ अल्पक्ञ चेतन्य ॥ इसमें चेतन्य तो एकही है ॥ केवऊ सर्वज्ञा ओर अल्पज्ञताही भेदकर्त्ता है ॥ इसवास्ते यहांपरभी भागत्याग लक्षणा करके सर्वेज्ता ओर अल्पज्ञता विरोधी भागका त्याग करके अविरोधी भाग जो चेतन्य तिसका ग्रहण किया॥ अथोत् जीवईश्वरमें नो अल्पज्ञता ओर सर्वज्ञता हे बांदप्रातवतना7080609ाता।.८एए

१०२ ततबोध-टीका । सो कल्पित है॥ वास्तव एक शुद्ध चेतन्यही है ॥ ओर वेदमेंभी लिखा है ॥ “ एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म ” इति श्रुतः ॥ अथे ॥ एकही एक अद्वितीय ब्रह्म है अथोत् जो कुछ हर्याहरय है सो सब एक ब्रह्मही हे दूसरी कोई वस्तु नहीं ॥ केवल गा चेतन्यका विलछास हे॥ परंतु वास्तव हे कुछ नहीं ॥ इससे यह सिद्ध हुआ कि मीवई-शर एकही है ॥ जेसे एक घटके अनेक नाम हूँ ॥ कुम्भ, कलश, पडा, इसी प्रकार एक आत्माके अनेक नाम हें ॥ ब्रह्म, चेतन्‍्य, ईश्वर, जीव, यह सब नाम कल्पित हैं ॥ वास्तव स्वरूप एकही है ॥ ४२॥ अथ लंपदमें जीव३-श्वरकी एकतावणेन। इति चेन्न । स्थूलसक्ष्मशरीराभिमानी त्वंपदवाच्याथः उपाधिविनिमेक्त समाधिदशासंपन्नं शुद्ध चेतन्यं तंपदलध्ष्याथः॥४३॥ टीका ॥ स्थूल सूक्ष्म शरीरका जिसको अभिमान है॥ सो त्वंपदका वाच्यार्थ है ॥ अथात् वही जीव है ॥
बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्दप्रकाशिका । १०४३ ओर जिसको स्थूल सूक्ष्म शरीरका अभिमान नहीं ॥ ओर समाधि दश्ामें सम्पन्न हे ॥ अथात सम्पूर्ण हश्याहश्यको अपना आत्माही जानता हे॥ सो त्वंपदका लक्ष्याथ है॥ अर्थात् वोही शुद्ध सच्चिदानंद है ॥ वह भलेही शरीरमें स्थित हो परंतु हे वह ब्रह्मस्वरूप ॥ ४३ ॥ अथ तत्पदमें जीवई-्वरकी एकतावर्णन। एवं सर्वज्ञत्वादिविशिष्ट ईश्वरः तत्पदवा च्याथः । उपाधिशन्यं शुद्ध चेतन््यं तत्पदलक्ष्याथः। एवं च जीवेश्वरयोः चैत न्यरूपेणा$भेदे बाधकाभावः॥ ४४॥ टीका ॥ इसी प्रकार सर्वशक्तिमान् जो मायाविशिष्ठ इंश्वर है ॥ सो ततपदका वाच्याथे हे ॥ अथोत जेसे सीवमें अट्पदक्ति उपाधि हे ॥ इसी प्रकार ईश्वरमें सर्वे शक्ति उपाधि हे ओर सर्वेशक्तिरूप उपाधिसे जो शुन्य है शुद्ध चेतन््य सो ततपदका लक्ष्यार्थ है ॥ अथोत् जैसे जीवमेंसे अल्पशक्ति त्यागी जाती है ॥ इसी प्रकार बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 ईश्वरमेंसे सर्वशक्ति उपाधिको त्यागकर दोनोंको चेतन्यरूप होनेसे भेदवादका अभाव है ॥ अथीत् दोनों एकही हैं ॥ ४४ ॥ अथ जीवन्मुक्तका रक्षण। एवं च वेदान्तवाक्यः सहुरुपदेशेन च सर्वष्वापे भूतेषु यषां ब्रह्मब्ठरुत्पन्ना ते जावन्मुक्ता इत्यथः॥ ४५॥ टीका ॥ इसी प्रकार वेदान्तवाक्योंकरके ओर सहुरुके उपदेशकरके सम्पूर्ण टशयाहरयमें मिस पुरुषकी ब्रह्मबुद्धि उत्पन्न हुई है ॥ अथात् सम्पूण दृश्याहश्यको ब्रह्मस्वरूपही देखता हे ॥ क्योंकि आदिमें शुद्ध सचिदानंद स्वरूप एकन्रह्म हे ॥ ओर अन्तमेंभी एक ब्रह्म है॥ तो फिर मध्यमें कोई दूसरी वस्तु नहीं ॥ किन्तु मध्यमेंभी ब्रह्मदी हे ॥ ओर ब्रह्म हे अद्वितीय कि जिसमें शहाश्ंगकी नाई द्रेतका अत्यन्ताभाव है ॥ अर्थात् सम्पूर्ण दृशयाहइयमें जिसकी एक आत्मबुद्धि है ॥ तिसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ ४५ ॥ बांदप्रातवना7080609ात्ा।.८एणा

शैकरानन्दप्रकाशिका । १०५७ : कः । यथा देही5ह एरू ननु जीवन्मुक्तः कः। यथा दही है 7४ पोहहं ब्राह्मणो5हं शद्रो:हमस्मीति दंढ निश्चयस्तथा नाई ब्राह्मणः न शद्धः ने पुरुषः किन्तु असंगः सचिदानंदरतरू ! प्रकाशरूपः स्वोन्त्यामी पिदाकार रूपों $स्मीति दृने कक 5परोक्षज्ञा नवाब जीवन्म्ुक्तः ॥ ४६ । ही “३ ॥ प्रश्न ॥ आपने जीवन्मुक्तका छा के । हा परंतु अब खुलासा करके औरभी ऊना ये 3 उत्तर ॥ जेसे यह अध्यास हो रहा है कि में ओ हूँ र्क हूं, में शूद्र हूँ, में शरीर 8) में हूँ, ऐसा जो दृढ हु # 5 अध्यास है ॥ तिस 0 ३3४० निवृत्ति होकर हे डे निश्चय हो जाय कि न में शरीर हैं! आर ' हि पे न्राक्नण हूँ; न शुद्र हैं? किन्त अरग है! दतदानंदस्वरूप हूँ ॥ ओर प्रकाशरूप है ओर गा योमी हूँ आकाशवत् जर्रिते, मा अस्ति, भांति प्रिय इस प्र १ है। २ प्रतीत होता है। हे प्यारा है । बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 चेतन्यरूपसे सर्वेञ् व्यापक हूँ ॥ ऐसे हठ निश्चय अपरोक्ष ज्ञानवालेको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ अथ अपरोक्षज्ञानवर्णन । प्रश्न ॥ अपरोक्ष ज्ञान किसको कहते हैं ॥ उत्तर ॥ वेदमें दो प्रकारके वाक्य हैं ॥ एक तो अबांतर वाक्य हैं ओर दूसरे महावाक्य हैं जो ऐसा बोध कराते हैं कि ब्रह्म शुद्ध है ॥ सच्चिदानंद है ॥ स्वीत्यामी है॥ ऐसा बोध करानेवालेकी अवांतर वाक्य कहते हैं॥ ओर अवांतरवाक्यों करके नो बोध होता हे सो परोक्ष ज्ञान हे ॥ ओर जो जीवब्रह्मकी एकताका बोध करानेवाले तत्त्वमसि आदिक वाक्य हैं तिनको महावाक्‌य कहते हैं ॥ ओर तिन महावाक्यों करके नो बोध होता है ॥ तिसको अपरोक्ष ज्ञान कहते हैं ॥ अथात् ब्रह्म कोई है ॥ ऐसे जाननेको परोक्ष ज्ञान कहते हैं ॥ ओर ब्रह्म में हूँ॥ ऐसे जाननेको अपरोक्ष ज्ञान कहते हैं॥ प्रश्न ॥ तत्वमसि आदि महावाक्योंमेंही प्रथम तो बांदप्रातवनॉ7080609ाता।.८एणा

 भेद मालूम होता है ॥ क्योंकि तत्त्वमासि इस महावाक्यका तो यह अथ हे कि सो ब्रह्म तू हे॥ ओर अहं बह्मास्मि ॥ इस महावाक्यका यह अथे है कि सो ब्रह्म में हूँ ॥ इस प्रकार महावाक्योंमें भेद मालूम होता हे ॥ तिस भेदकी निवृत्ति करो ॥ उत्तर ॥ तत्त्वमसि यह सामवेदका महावाक्य हे ह ॥ ओर अहं बल्मास्मि यह यजञवेदका महावाक्य है॥ ओर 'प्रज्ञानम ब्रह्म' यह ऋग्वेदका महावाक्य है॥ ओर 'अयमात्मा अह्म' यह अथवंण वेदका महावाक्य है॥ यह चार महावाक्य चारों वेदोंके हैं ॥ ओर इन महावाक्योंका आपसमें कुछभी भेद नहीं ॥ क्योंकि जब गुरु शिष्यको उपदेश करता हे कि तत्त्वमसि अथात् सो तू हे॥ इतना वाक्य शिष्यको अवण होतेही शिष्यकों ऐसा बोध होता है कि अहं ब्रह्मास्मि ॥ अथोत सो ब्रह्म में हूँ | इससे शिष्यको विपरीत बोध नहीं होता ॥ इससे यह सिद्ध हुआ कि तत्त्वमस्ति, अं ब्रह्मास्मि आदि महावाक्योंमें कुछभी भेद नहीं ॥ केवल इतनाही हे कि शिष्यको उबांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

१०८ तत्बोध-टदीका । पदेश करनेके वास्ते तत्त्वमसि महावाक्य हे ओर अपने विचारनेके वास्ते अहं ब्रह्मास्मि महावाक्य हे ॥ परंतु दोनोंके अर्थमें कुछभी भेद नहीं ॥ शका ॥ तत्त्वमसि आदि महावाक्योंसे जब ऐसा अपरोक्ष ज्ञान हो जावे कि में ब्रह्म हूँ॥ तो फिर अन्तःकरणमेंसे मठविक्षेपकी निवृत्ति करनेका कुछभी प्रयोजन नहीं क्योंकि मलविक्षेपकी निवृत्ति होनेके पश्चात् भी तो ऐसाही ज्ञान होगा कि में ब्रह्म हूँ तो फिर निष्फल पुरुषाथ क्यों करे ॥ उत्तर ॥ सुनने सुनानेसे भलेही अपरोक्ष ज्ञान हो जावे कि में ब्रह्म हूं ॥ परंतु नवतक मलविशक्षेप दोष दूर होकर अनुभव अपरोक्ष ज्ञान नहीं होगा॥ तबतक परमानंदकी प्राप्ति कभी नहीं होगी तिसमें एक दृष्टांत है जेसे कोई एक राजा एक पंडितके ऊपर बहुत प्रसन्न था ॥ अर्थात् ऐसा मोहके वह हो रहा था कि जैसे उस पंडितकी आज्ञा होती राजा वेसेही करता॥परंतु एक दिन संपूर्ण मंत्रियोंने मिठकर ऐसा विचार किया कि राजाका
बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्दप्रकारिका । ३०९. मोहके वशमें होना यह राज्य नष्ट होनेका हेतु हे ॥ तब उन मंत्रियोंने उस पंडितसे कह दिया कि राजाजीकी आज्ञा तुमको दरबारमें आनेकी नहीं॥ ओर उस्ती वक्त राजासेभी कह दिया कि पंडितजीका शरीर बहुत बीमार हे | जब राजाने ऐसा सुना तब राजा बहुत दुःखी हुआ॥ ओर यह आज्ञा दी कि जो कुछ द्रव्य खरच पडे सो ले नाओ ॥ ओर वेद्यकी ठे जाकर उनकी ओषधी करो ॥ तब उन मंत्रियोंने बहुतसा द्रव्य ले जाकर परोंमें रख लिया ओर कुछ वेयको दिया॥ तब उप्त वेबने राजासे छोटकर यह कहा कि हे महाराज ! वह पंडितजी तो असाध्य बीमार हे॥ अथॊॉत् वह्ठ अच्छे नहीं होंगे॥ ऐसा सुनकर राजाने कहा कि हम आप चलकर पंडितनीको देखेंगे॥ जब मंत्रियोंने ऐसा सुना तब मंत्री बहुत घबड़ाये ॥ ओर उनमेंसेही किसी आदमीने यह कहा कि पंडितजीकी तो मृत्यु हो गई ॥ जब राजाने ऐसा सुना कि पंडितजीकी मृत्यु हो गई तब उसी समय राजा बेहोश होकर गिर पडा ॥ ओर महान दुःखी हुआ ॥ परंतु उस समय बांदप्रातना7080609ात्ा।.८एणा

११० तसवबीष-दीका । एक विद्वार आय प्राप्त हुआ॥ उसने राजाकों बहुत दुःखी देखकर उसने रानाकों उपदेश किया कि हे राजन ! तू तो बडा शूर वीर है ॥ ओर धममात्मा हे ॥ तने यह कायरता कहांसे धारण करी ॥ अथोत इस कायरताके धारण करने योग्य तुम नहीं हो ॥ तब राजाने कहा कि हे विद्वन ! मेरा सम्पूण राज्य नष्ट हो जाता ॥ ओर दारीरभी नष्ट हो जाता ॥ परंतु मेरेको इतना दुःख नहीं होता कि जितना इस पंडितकी मृत्युसे हुआ ॥ तब उस विद्वानने कहा कि हे राजन ! जो तुम जीवात्माको रोते हो तो जीवात्मा अमर हे ॥ ओर एक है ओर शुद्ध हे ॥ तो फिर उसकी मृत्यु और वियोग कहाँ सिद्ध हो सक्ता है ॥ ओर जो शारीरको रोते हो तो शरीर आदिअन्तवाला है ॥ ओर दुःखरूप हे! तो फिर उसके नाश होनेकी क्या चिन्ता है॥ ओर दूसरे एक दिन तुमारे शरीरकाही तुमसे वियोग हो जायगा तो फिर उस पंडितके वियोगका दुःख मानना यह अत्यन्त मूखंता है ॥ ऐसा सुनकर राजाको बोध बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८णाा

शुकरानन्दप्रकाशिका । १११ हो गया ॥ ओर राजाने उठकर यह आज्ञा दी कि जो कुछ द्रव्य खरच हो उसको ले जाकर पंडितजीके सब किया कम्मे करो॥ तब उन मंत्रियोंने द्व्यकों परोंमें रख लिया ओर लोटकर राजासे कहा कि पंडितजीके सब किया कम्म हो गये ॥ परंतु वह पंडित जब दरवारमें जाना चाहता था तभी उसको द्वारपाल नहीं जाने देते थे ॥ तब उस पांडितने ऐसा विचार किया कि जब कभी राजाकी सवारी निकलें तब उत्त समय राजाते मिलेंगे ॥ जब मंत्रियोंकी माठल्म हुआ कि पंडितजीने यह विचार किया है ॥ तब उसी समय मंत्रियोंने राजाको ऐसा संस्कार डाल दिया कि पंडितजी तो ब्रह्मरक्षस हो गये ॥ ओर हमको बहुत बडी चिन्ता है कि आपसे पंडितजीकी बहुत प्रीति थी इसवास्ते आपको पंडितजी कहीं दुःख नहीं देवे ॥ ऐसा सुनकर राजा बहुत दुःखी हुआ ओर बहुत डरा॥ परंतु एक दिन ऐसा समय आय प्राप्त हुआ कि राजाकी सवारी चली जाती थी तभी उस पंडितने एक मंदिरके बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

११२ तत्तबोध-टीका । ऊपर खडे होकर राजासे आशीर्वाद कहा ॥ तब उस राजाने देखा कि यह पंडितनी तो वही है ॥ परंतु जब उस पंडितकी मृत्युका ओर उसके बद्वराक्षस होनेका चिन्तवन जब राजाने किया तब राजाकों बहुत भय हुआ ॥ उस भयसे राजा उस पंडितको त्यागकर चला गया ॥ जेसे रानाको उस पंडितका अपरोक्षज्ञानभी हो गया कि यह पंडित वहही है ॥ परंतु वह ब्रह्मराक्षतभाव जो अन्तःकरणमें था उसने रानाको उस पंडितकी प्राप्ति नहीं होने दी ॥ इसी प्रकार सुनने सुनानेसे भलेही अपरोक्ष ज्ञान हो जावे कि में ब्रह्म हैँ ॥ परंतु जब तक ब्रह्मराक्षसभावरूप मलविक्षेप अन्तःकरणमें रहता हे ॥ तबतक परमानंदस्वरूप आत्माकी प्राप्ति नहीं होने देता॥ इसवास्ते श्रीगुरुके चरणोंमें प्राप्त होकर मलविक्षेपकी निवृत्ति करना अवइय उचित हे ॥ ओर मलविक्षेप दोष दूर होनेके पश्चात् जो अनुभव होता हे ॥ तिसको अपरोक्ष ज्ञान कहते हैं ॥ ओर तिस अपरोक्ष ज्ञानवालेकोही नीवन्मुक्त कहते हैं॥ऐसे जो मेरे श्रीगुरु हें तिनको मेरा कोटानुकोट प्रणाम हैं ॥ ४६ ॥ बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 अथ ज्ञानसे सम्पूर्ण कम्मोंकी निबत्तिवणन।
ब्रह्मवाहमस्मीत्यपरोक्षज्ञानेन निखिलकर्मबंधविनिर्मृक्त: स्थात् । कर्माणि कृतिविधानि संतीति चेत् आगामिसंचितप्रारव्धभेदेन जिविधानि संति॥ ४७॥ टीका॥ में ब्रह्म हूँ, ऐसे अपरोक्षज्ञान होनेसे पुरुष सम्पूर्ण कर्मोके बंधनसे छूट जाता है ॥ ओर वास्तव तो आत्मा कर्मोके बंधनसे रहितही है ॥ क्योंकि कर्मोका करना ओर उनके फलका भोगना यह मनका धमे है॥ किन्तु आत्माका नहीं ॥ परंतु भूलकर अपनेमें नो अध्यास करा हुआ हे कि में करता हूँ, में भोक्ता हूँ ज्ञानसे ऐसे अध्यासकी निवृत्ति होकर यह हृढ निश्चय हो जाताहै कि में तो शुद्ध हूँ. ॥ कत्तो भोक्ता मन है ॥ इस प्रकार अपरोक्षज्ञान होनेसे पुरुष सम्पूर्ण कम्मोंके बंधनसे छूट जाता है ॥ यदि तुम कहो कि कमे कोनसे हैं ॥ तो श्रवण करो। एक तो आगामी कर्म है, दूसरे संचित, तीसरे प्रारब्ध इस भेद करके तीन प्रकारके कमे हूँ ॥ बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 : प्रश्न ॥ आपने तीन प्रकारके कम तो कहे ॥ परंतु अब भिन्न भिन्न इनके स्वरूपको वर्णन करो ॥ ४७ ॥ अथ आगामी कमंवणेन । ज्ञानोत्पत्त्यनंतरं ज्ञानिदेहकृतं पुण्यपा परुप कम यदास्त तदागामात्याभथा यते ॥ ४८ ॥ ७025 टीका ॥ ज्ञानकी उत्पत्तिके पश्चात् ज्ञानीक शरी रकरके जो पुण्यपापरूप कर्म हो॥ अथात् ज्ञानीसे जा सर्व पुरुषोंको उपदेश होता है सो तो पुण्यरूप कर्म है॥ ओर ज्ञानीके शरीरसे स्वाभाविक जो हिंसा हांती हूं सो पापरूप कम है ॥ तिस पुण्यपापरूप कमको आगामी कहते ह६॥ अथवा आर जा सव उुरुष इस समय पुण्यपापरूप कमे करते हैं॥ तिनकी आगामी कर्म कहते हैं ॥ ४८ ॥ अथ संचितकमवर्णन । संचितं कर्म किम । अनंतकोटिजन्गमनां बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्दप्रकाशिका । ११५७ बीजभूतं सत् यत्कमजातं पूर्वाजितं ति घ्वांते तत्संचितं ज्ेयस॥ ४९॥ टीका ॥ प्रश्न ॥ संचित कर्म किसको कहते हैं ॥ उत्तर ॥ अनेक करोडों जन्मोंका बीनरूप हुआ हुआ जो कमे पूवेका किया हुआ शुभाशुभरूप ऐसा जो स्थित है तिसको संचित कम कहते हैँ॥ ४९ ॥ अथ प्रारब्धकर्म वर्णन । प्रारब्धकर्म किमिति चेत् । इदं शरीर मुत्पादथ इंह लाक एवं सुखदुःखांदप्रद यत्कम तत्प्रार्धभांगन नष्ट भवात॥७५०॥ टीका ॥ प्रश्न ॥ प्रारब्ध कर्म किसको कहते हैँ॥_ उत्तर ॥ इस शरीरको उत्पन्न करके इस छोकमें सुखदुखोंको देनेवाला जो कर्म है ॥ तिमप्तको प्रारब्ध कहते हैं ॥ ओर सो प्रारब्धकर्म भोगनेसेही नाश होता है॥ओर उसके नाश होनेकी कोईभी युक्ति नहीं ॥ह'्ान्त॥ जेसे किसी पुरुषने बहुतसे वाण तकेशमें रक्ख़े हुए हैं॥ ओर एक वाण हाथमें पकड रखा है॥ ओर एक बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

११६ तत्तबीध-दीका । बाण छोड दिया है ॥ जेसे वह पुरुष तर्कसके बाणोंकोभी रोक सक्ता है॥ ओर जो हाथमें पकड रक्‍्खा है तिस वाणकोभी रोक सक्ता हे परंतु नो बाण हाथमेंसे छोड दिया है ॥ तिसको नहीं रोक सक्ता॥ इसी प्रकार संचित कम नो वहुतसे जमा है॥ सो सब नाश हो सकते हैं॥ओर आगामी कम जो हाथम पकड रक्खे हैं सोभी नाश हो सक्ते हैं ॥ परंतु जो प्रारब्धरूप बाण हाथसे छूट गया है सो विना भोगे किसी युक्तिसेभी नाश नहीं हो सक्ता इस प्रकार आगामी ओर संचित कमे तो नाश हो सक्ते हैं ॥ परंतु प्रारब्ध कर्म विना भोगे नाश नहीं हो सक्ता है ॥ और वेदमेभी ऐसा लिखा है कि "प्रारब्धकर्मणां भोगादेव क्षयः " इति श्रुतेः ॥ अथे ॥ प्रारूध कम भोगनेसेही नाश होता है ॥ इससे यह सिद्ध हुआ कि ओर सर्वे कर्म तो नाश हो जाते हे परंतु प्रारब्ध कम विना भोगे नाझ नहीं होता है ॥ प्रश्न ॥ यहांपर तो ऐसा लिखा है कि प्रारच्ध कमें विना भोगे नाश नहीं होता ॥ ओर श्रीमद्धगवद्गीबांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 तामें श्रीकृष्णनीने ऐसा लिखा है कि जेसे प्रचंड अग्मि सर्वे ईंधनको दाह कर देती है॥ इसी प्रकार ज्ञानरूप आग्नि सवेकम्मोको नाश कर देती है ॥ इन दोनों वाक्योंमिंसे कोनसा वाक्य यथाथ है सो कही ॥ | _ उत्तर ॥ यह दोनोंही वाक्य यथार्थ हैं ॥ क्योंकि कम्मोंका करना ओर सुखदुःखका भोगना यह शारीरका धमं है॥ आत्माका नहीं ॥ ओर जो पुरुष अपनेमें आरोपण करता है ॥ वह पुरुष अज्ञानी है ओर जिस पुरुषकों ऐसा ज्ञान हो गया कि में न कतो हूँ न भोगता हूँ॥ यह तो शरीरका पम हे ॥ शरीर भलेही भोगे ॥ में तो शुद्ध हूँ ॥ इस प्रकार ज्ञानवानका प्रारब्धकमंभी निवृत्त हो जाता है ॥ क्योंकि जिस किसी पुरुषकी पदार्थो्में आसक्तता होती है॥ उसी पुरुषको पदार्थोके नाश होने बननेसे सुखदुःख होता हे ॥ ओर निसकी पदारथौमें आसक्तता नहीं होती उसको सुखदुःख नहीं होता ॥ इससे यह सिद्ध हुआ कि आसक्ततादी सुखदुःखका हेतु हे ॥ जेसे चोपडके खेलनेवाले पुरुष काष्ठकी नदेमें आसक्तता कर लेते हैं ॥ ओर खेबांदप्रातवतना7080609ाता.८एा

 लते खेलते जिस पुरुषकी नदे मारी जाती है ॥ उसी पुरुषको दुःख होता है ॥ ओर जिस पुरुषकी वह नें नहीं होती उसको दुःख नहीं होता ॥ अब देखिये कि काष्ठकी नद तो मारी जाती हे ॥ परंतु आसक्तता होनेसे दुःख उस पुरुषकों होता है ॥ इसी प्रकार जिस पुरुपकी पदार्थोमें आसक्तता होती है ॥ उसीको सुख दुःख होता है ॥ ओर ज्ञानवानकी तो पदार्थोमें आसक्तता होतीही नहीं॥ इसवास्ते ज्ञानवानका प्रारूप कमंभी निवृत्त हो नाता है ॥ ओर वेदकाभी यही तात्पय्थे हे कि सूक्ष्म शरीर कर्म्मोको कतों हे ॥ इसवास्ते उसीकोही अवश्य भोगना पडता है ॥ किन्तु यह तात्पये नहीं हे कि आत्माहीको भोगना पडता है ॥ ५० ॥ संचितं कम ब्रह्मेवाहमिति निश्चयात्मकज्ञानेन नश्यति। आगामि कर्म अपि ज्ञानेन नश्यति | किच आगामिकमणां नलिनीदलगतजलवत ज्ञानिनां संबंधो नास्ति ॥ ५१॥

बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शेकरानन्दप्रकाशिका । ११५९ टीका। में ब्रह्म हैँ ऐसे निश्चयात्मक ज्ञानसे संचित कर्म नाग हो जाते हैं ॥ ओर आगामी कमंभी ज्ञानसे नाश हो जाते हैं ॥ ओर आगामी कम्मोंका ज्ञार्नाको सम्बंध नहीं ॥ क्योंकि ज्ञानीके शररारसे जो क्रिया होती हे॥ सो सब स्वाभाविक होती है॥ किन्तु आसक्ततासे नहीं होती ॥ जेसे पत्ता वृक्षसे ट्टकर रससे रहित हो जाता है ॥ ओर उसको मिस तरफ वायु ले जावे वह उसी तरफ चला जाता हे ॥ परंतु अपनी इच्छासे कहीं नहीं जाता ॥ इसी प्रकार ज्ञानवानका शरीर कमरुपी वृक्षसे टूटकर इच्छारूपी रससे रहित हो जाता है ॥ ओर शरीरका प्रारब्धरूपी वायु जिस तरफ ले जावे ॥ ज्ञानवानका शरीर उसी तरफ चला जाता है परंतु अपनी इच्छासे किसी क्रियामेंभी नहीं प्रवृत्त होता ॥ओर इसवास्ते ज्ञानीको आगामी कर्म्मोका सम्बंध नहीं॥ कमलका पत्ता जलमेंह्दी रहता है ॥ परंतु नल उसको 'स्पशे नहीं करता ॥ इसी प्रकार ज्ञानीके शरीरसे स्वाभाविक भलेही शुभाशुभ रूप कम होवे परंतु उन कम्मोंका सम्बंध ज्ञानीको नहीं ॥ ५१ ॥ बांदप्रातना7080609ात्ा।.८एणा

१२७० ततबीध-टीका । अथ ज्ञानवानके आगामी कर्म्मोंके अधिकारीवर्णंन किच ये ज्ञानिनं स्तुवंति भजंते अचेयंति तान्प्रति। ज्ञानिकृतस आगामिपु ण्यं गच्छति ये ज्ञानिनं निदंति दिषंति दुःखप्रदानं कुवेति तान्प्रति ज्ञानिकृतु सव आगाम क्रिंयसाण यद्वाच्य कम पापात्मकं तहच्छति ॥ ५२ ॥ जो पुरुष ज्ञानीकी स्तुति करता है, ओर पूजन करता है, ओर सेवा करता है, ओर उनके वाक्योंको श्रवण करके धारण करता है उस पुरुषको ज्ञानीके आगामी पुण्यरूप कर्म प्राप्त होते हैं॥ ओर जो पुरुष ज्ञानीको दुःख देता है, ओर निंदा करता है, ओर ज्ञानीसे ट्रेष रखता है, तिस पुरुषको ज्ञानीके आगामी पापरूप कर्म प्राप्त होते हैं॥ इस प्रकार ज्ञानाको आगामी कम्मोंका सम्बंध नहीं होता ॥ ओर इसवास्ते ज्ञानीक
बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्दप्रकाशिका । १२१ फिर जन्मभी नहीं होता ॥ क्योंकि जन्मका हेतु पुण्यपापरूप कर्म है ॥ सो ज्ञानीके नाश हो जाते हैं॥५२॥ अथ आत्मज्ञानका माहात्म्यवर्णन । तथा चात्मवित्संसारं तीर्तो बल्मानंद इहेव प्राप्रोति ॥ ५३ ॥ टीका ॥ इसी प्रकार आत्मवेत्ता संसार समुद्रसे पार होकर इसी शरीरमें ब्ह्मानंदको प्राप्त हो जाता है ॥ ओर वेदमेंभी लिखा है॥ “तरति शोकमात्मविदिति” श्रुतेः ॥ अर्थ ॥ आत्मवेत्ता दुःखरूप संसारसे पार होता है ॥ ओर कोई पुरुष नहीं हो सक्ता।क्योंकि जेसे मकडी अपने थूकसे जालेकी पूरती है ॥ ओर अपने आपही उसमें फसकर दुःख पाने लगती है ॥ परंतु जबतक उसको यह ज्ञान नहीं होता कि यह जाला मेराही थूक है ॥ ओर इसके बनानेवालाभी मेंही हूं तवतक फसी हुईं महान दुःख पाती है ॥ ओर जब ऐसा निश्चय कर लेती है कि यह जाला मेराही थूक है ॥ ओर बनायाभी मेंनेही हे ॥ तब उस जालेकों खा लेती है ॥ ओर महान सुखी हो बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 जातीहे इसी प्रकार जवतक इस पुरुषको यह निश्चय नहीं होता कि यह संसार मेराही संकल्प है ॥ ओर संकलपका करनेवाला मेंही है ॥ तबतक संसारमें फँसा हुआ महादुःख पाता है ॥ ओर जब ऐसा हृठ निश्चय कर लेता है कि यह सब संसार मेराही संकल्प हे ओर यह संकल्प हुआभी मेरेहीसे हे ॥ तब संकल्पकों निवृत्त करके परमानंदको प्राप्त होता है ॥ इसी प्रकार आत्मवेत्ता श्ोकरूप संसारसे पार होता है ॥ «५४३ ॥ तनु त्यजतु वा काश्यां ध्पचस्य गृहे5थवा ॥ ज्ञानसंप्राप्ोसमय घमुक्ता$सा वगताशयः॥ इति स्मृतेश्व ॥ ५४ ॥ टीका ॥ ज्ञानवान् चाहे काशीजीमें शरीरको त्यागे ओर चाहे चांडालके गृहमें शरीरको त्यागे वह ज्ञानवान सम्पूर्ण जगह मुक्त हे ॥ ओर वही विगत आशय हे अर्थात् ज्ञानवानही विषयोंसे निवृत्त होता हे ॥ किन्तु अज्ञानी नहीं होता ॥ओर योगवासिष्ठ निवांण प्रकरणमें भी लिखा है ॥ ५४॥ बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शंकरानन्दप्रकाशिका । १२३ खलाः काले काले निशि निशितमोहैकमिहिकागतालोके लोके विषयशतचौराःसुचतुरा॥ प्रवृत्ताः प्रोचक्ता दिशि दिशि विवेकेकहरणे रणे शक्तास्तेषां क इवावहुपः आहयसु भटा/ ॥ १॥ अथा5न्वयः ॥ लोके विषयशतचौराः सुचतुराः कर्थभते लोके निशि निशितमेहिकामेहिकागतालोके ॥ कथ्थंशूताः चौराः खलाः पुनः कर्थन्ताः चौराः काले काले दिशि दिशि विवेकेकहरणे भोय्क्ताः प्रवृत्ताः ॥ तेषां विषयशतचौराणां रणे विदुषः प्रोश्य के सुधदाः शक्ताः ॥ इत्यन्वयः ॥ १ ॥ भाषाटीका ॥ पुरुषोंमें विषयरूपी सेंकडों चोर बड़े चतुर लग रहे हैं ॥ कोनसे पुरुषोंमें कि अज्ञानतारूपी रात्रि तिसमें पडा हुआ जो मोहरूपी कोहल तिसकरके नाग हो गई हे दृष्टि जिन पुरुषोंकी तिन पुरुषोंमें विषयरूपी सेंकडों चोर लग रहे हैं ॥ केसे हैं विषयरूपी चोर कि महान दुष्ट ॥ ओर फिरभी केसे हैं कि हरवक्त चारों तरफसे विवेकरूपी धनको चुरानेके वास्ते कमर बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

१२४ तत्तबोप-दीका । बांधे हुए तेयार हें॥ तिन विषयरूपी चोरोंके साथ विद्वानफे सिवाय कोनसा शूरवीर युद्ध करनेकी समर्थ है॥ अथोत ज्ञानरुप सुय्येकरके अज्ञानतारुपी रात्रि ओर मोहरूपी कोहल ना हो गया है जिस पुरुषका वह पुरुष उन विषयरूपी चोरोंके जीतनेकी समर्थ हे॥ किन्तु अज्ञानी उन चोरोंसे घोकाही खाता है ॥ ओर जानकी प्राप्ति विना श्रीगुरुकी कृपाके नहीं होती॥ १॥ प्रशन ॥ गुरु ओर शिष्य इन दोनोंके ठक्षण प्रथकू पृथक वर्णन करो॥ अथ ग़ुरुशिष्यलक्षणव र्णन । श्रांति ॥ ब्राह्मणी निर्वेदमायात् । तद्ठि ज्ञानाथ सहुरुमेवामिगच्छेत श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठ हति श्रवते!ः॥ १॥ हरिः डें# ॥ भाषाठीका ॥ ब्रह्मस्वरुप जो अपना आत्मा हे ॥ तिसको जाननेकी इच्छावाला पुरुष संसारसे विरागकों प्राप्त होकर सह्ुरुओंके चरणोंमें प्राप्त हो ॥ समित्पाणी॥ अथोत हाथमें दांतुन लिये हुए ओर गुरु केसे बांदप्रातवाना7080609ात्रा।.८एा

 होवे कि श्रोत्रिय अर्थात् वेद शास्रके ज्ञाता क्योंकि जो कुछ दिष्यको शंका उत्पन्न हो उसको निवृत्त कर देवे॥ ओर फिर केसे होते गुरु कि ब्रह्मनिष्ठ अर्थात् ब्रह्महीमें हो निष्ठा जिनकी क्योंकि जो केवल वेदशाद्रकेही ज्ञाता हुए ओर यथावत् निष्ठावाले नहीं हुए तो शिष्यकी शकाको तो निवृत्त कर देंगे परंतु मोक्ष नहीं कर सक्ते क्योंकि जब उनकी अपनीही मोक्ष नहीं हुईं तो फिर हिष्यकी मोक्ष क्या कर सक्ते हैं॥ ओर जो केवल ब्रह्मनिष्ठही हुए॥ ओर वेदशासत्रके ज्ञाता नहीं हुए ॥ तो वह अपनी मोक्ष कर सक्ते हैं ॥ परंतु शिष्यकी मोक्ष नहीं कर सक्ते क्योंकि जबतक प्रथम हिष्यकी शंकाही निवृत्त नहीं होगी ॥ तो उसकी मोक्ष क्या हो सक्ती है ॥ इसवास्ते गुरु श्रोत्रिय ओर ब्रह्मनिष्ठ दोनों ग्रुणोंवाले होने चाहिये॥ ओर शिष्यभी ऐसा होना चाहिये कि जो तन मन धन, यह तीनों वस्तु अपने अश्रीग्ुरुको अर्पंण कर देवे धन इस प्रकार अपेण नहीं किया जाता कि जो श्लीपुतादिकोंकों ग्रुरुके अर्पण करें॥ किन्तु ब्लीपुचरादिबांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

 कोंको त्याग करके श्रीगुरुके चरणोंमें प्राप्त होवे ॥ ओर तन इस प्रकार अपेण किया जाता हे कि जो कुछ गुरुओंकी आज्ञा हो उसीके अजुसार चेष्टा करना चाहिये॥ किन्तु उनकी आज्ञामें तर्क नहीं करना चाहिये ॥ आर मन इस प्रकार अर्पण किया जाता हे कि हर वक्त औगुरुके चपरणोका ध्यान करा करें ॥ ओर जिस तरफ हष्टि पडे उस तरफ श्रीगुरुह्दी दीखे इस प्रकार तन मन घन अर्पण करना यह लक्षण शिष्यमें होना चाहिये। ओर पूवोक्त लक्षण गुरुओंमें होने चाहिये॥ ओर पूर्वोक्त गुणयुक्त ४ मेरे श्रीगुरू हैं ॥ तिनको मेरा कोटान कोट नमस्कार हैं॥ ओर तिन गुरुओंके चरणोंकी ऐसी कृपा हे मेरे ऊपर कि निसको देखकर तिन बरणोंको में घन्यवाद हूँ परंतु ऐसी महिमा है तिन चरणोंकी कि जिसकै लिखनेकी मेरी लेखनीमें सामथ्ये नहों॥ क्योंकि तिन चरणोंकी ऐसी महिमा है कि निसके फलको प्राप्त होकर पबको चुप होना पडता है ॥ ओर अब तिन चरणोंकी ऊपासे मेंभी चुप होता हूं ॥ ॥ हारिः 5 ॥ ॥ समाप्त॥ कप कक कक बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

शेकरानन्दप्रकारिका । १२७ ॥ होरी ॥ कोई ऐसा रंग बनालो जासे नहीं छगे दाग तनको॥ ॥टेक॥सतसंग साबुन ठाय धो लो पापीरे मनको॥ विचाररंगमें बोर पहिर लो सूहे जामनको॥ १॥ होरी खेलन चलो यादकर पिछले फागुनको ॥ तू शुद्ध सचिदानंद भूल मत अपने आननको ॥२॥ ज्ञानगुलालकी फेट बांध अद्वेति अबीरनको॥ क्मकुमकुमा फेक छोड दे झूंठे खेलनको॥ ३॥ होरी जीतें सदा संत सब कर कर साधनको ॥ हाकर हो आनंद ध्याय जब श्रीग्रुचरणनको ॥४॥ ओऔीयुत परमहंसोदासीनभूषण श्री ३०८ शभ्रीस्वामी प्रकाशानंदजी महाराजके शिष्य स्वामी शंकरानदेने यह शंकरानन्दप्रकाशिका टीका निर्मित करी ॥ संवत् १९५३ आपषाढ शुझ्त द्वितीया रविवारपुस्तक मिलनेका ठिकाना- गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास, ४ रुक्ष्मीवेंकटेश्वर ” छापाखाना, ५ कल्याण-मुंब३. बांदप्रातवतना7080609ात्ा।.८एा

The text on this page is estimated to be only 0.00% accurate

बांदप्रातछ्ना7080609ाता।.८एणा